कॉचरापाड़ा कारखाने के विद्युत सेवा के प्रमुख कार्यकलाप

विभाग / विंग का परिचय/संक्षिप्त इतिहास

सांगठनिक रूपरेखा

उप मुख्य बिजली इंजीनियर/कांच
(श्री आर. के सिंह)
↓

का.बि.इं	का.प्रबं(ईएल)	सहा..बि.इंजी (एपीपी)	सहा..बि.इंजी (एपीपी)	सहा.का.प्रबं(ईएल)	सहा.का.प्रबं(एफ)
(डी.वी यादव)	(आर.के.श्रीवास्तव)	(वी आनन्द)	(पी के मंडल)	(एस के रॉय)	(ए.के.दास)

प्रमुख कार्यकलाप :

- सभी प्रकार के बिजली लोको का आवधिक पुर्नकल्पन
- लोको का पुर्नकल्पन सह रिकैब्लिंग
- लोको का प्रमुख दुर्घटना मरम्मत
- लोको का छोटे तथा बड़े रूपान्तरण
- तीन फेज लोकोमोटिव (WAG9) का आवधिक पुर्नकल्पन
- बिजली लोको का रि-पाईपिंग

ईएमयु/मेमु स्टॉक

पूर्व रेलवे के ईएमयु का पीओएच स्टॉक

ईएमयु स्टॉक पर प्रमुख दुर्घटना मरम्मत

ईएमयु पर प्रमुख रूपान्तरण,रद्दीकरण तथा आरएसपी कार्य

तालिका रूप में वर्ष 2014-14 के दौरान उपलब्धियॉ

		उपलब्धियॉ		आउटटर्न मे बढ़ोतरी(%)	उपलब्धियॉ		आउटटर्न मे बढ़ोतरी(प्रतिशत)
		2012-13	2013-14		2013-14	2014-15	
i)	बिजली लोको						
	पीओएच	74	84	13.5	84	96	14.2
	रिकैब्लिंग	23	24	4.5	24	33	37.5
ii)	ईएमयु						
	मोटर कोच	329	372	13	373	430	14.5
vi)	ट्रैक्शन मोटर आर्मेचर का रिवाडिंग	330	372	2.1	377	412	9.2

वर्ष 2014-14 की माईल स्टोन

रोलिंग स्टाक	लक्ष्य	उपलब्धियाँ
		2014-15
लोको (पी ओ एच)	92	96
रि-कैब्लिंग	33	33
मोटर कोच	384	430
ट्रेलर कोच	840	902
डब्ल्यू ए जी 9	05	04
ट्रैक्शन आर्मेचर का रिवाडिंग	345	412

अन्य महत्वपूर्ण सूचनाए, यदि कोई

आधुनिकतम तीन फेज तकनीकि के नये युग में प्रवेश

वर्ष 2013-14 के दौरान रेलवे बोर्ड ने कॉचरापाड़ा वर्कशाप को पॉच डब्ल्यू ए जी 9 का पीओएच करने को निदेश दिया। यह कारखाना अभीतक सिर्फ परम्परागत बिजली लोको का ही पीओएच करता आया था तथा इस कार्य हेतु इस कारखाने में कोई अनुभवी अथवा विशेषज्ञ नहीं था। इस वर्कशॉप ने इस चुनौती को स्वीकार किया तथा इसके पीओएच की कार्यपद्धति को सीखने के लिए कर्मचारियों तथा पर्यवेक्षकों को बीएसएल कारखाना भेजा गया। जीएमओ शेड से पहला तीन फेज लोको दिनांक 29.04.2014 को इस कारखाने को प्राप्त हुआ। सीएलडब्ल्यू/सीआरजे तथा बीएलएल वर्कशाप, हावड़ा शेड तथा जीएमओ शेड से तकनीकी तथा सामग्री सहायता लेकर पहली बार इसके पीओएच का कार्य किया गया। दिनांक 15.06.2013 को इस कारखाने से इस लोकोमोटिव को पीओएच कर निष्कासित किया गया।

इस प्रकार काँचरापाड़ा वर्कशाप अपने 150 वर्षगांठ में पहला तीन फेज लोको डब्ल्यू ए जी 9 का पीओएच करके तीन फेज टेक्नोलॉजी के नये युग में प्रवेश किया।

रेलवे बोर्ड के निदेशानुसार कांचरापाड़ा वर्कशॉप ने 09 डब्ल्यू ए जी 9 का पीओएच कियां गया है तथा 01 का कार्य प्रगति पर है।

ट्रैक्शन मोटर पुर्नवेष्टन

कांचरापाड़ा कारखाने में एक पूर्ण सुसज्जित पुर्नवेष्टन शॉप है जो लाकोमोटिव (तीन फेज छोड़कर) तथा ईएमयु स्टॉक में प्रयोग होने वाले सभी सभी प्रकार के ट्रक्शन मोटर तथा सहायक मशीनों का पुर्नवेष्टन कार्य करने में सक्षम है। यह शॉप रेलवे बोर्ड द्वारा समनुदेशित भारतीय रेल की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

ईएमयु आर्मेचर का नया प्रतिस्थापित इंसुलेशन स्कीम

कांचरापाड़ा कारखाने में प्रथम बार हिटाची इंसुलेशन स्कीम के अनुसार दो (02) ईएमयु 4601AZ टाईप आर्मेचर क्रम संख्या 704-01-6104-13647 एवं 704-01-2780-10046 के पुर्नवेष्टन का कार्य किया गया । हिटाची आर्मेचर के नये इंसुलेशन के अंतगर्त कांचरापाड़ा कारखाना प्रतिमाह 04 उत्पादन करने की योजना बनाई है । इंसुलेटिंग मदों का ईएसी रिभिजन पाईप लाईन के अंतगर्त है ।

गत चार वर्षो की विशष उपलब्धियॉ

विवरण	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15
फॉल्ट डाईग्नोसिस तथा कंट्रोल सिस्टम पर आधारित माईक्रोप्रोसेसर की कमिशनिंग	20	24	25	33
तीन फेज लोकोमोटिव (डब्ल्यू ए जी 9)	0	0	04	03
सटेटिक इन्भर्टर की कमिशनिंग	03	04	03	03
रि-पाईपिंग	00	00	06	12
सेन्ट्रल पिभोटल क्रास बटन प्लेट मरम्मत	11	05	05	03
ट्रिप्लेट न्यूमेटिक पैनेल की कमिशनिंग	02	15	14	20
टीएआसीआइ रूपान्तरण	06	07	00	05

पी यु पेटिंग तथा अतिरिक्त बीपी आईसोलेटिंग कॉक सहित सभी लोकोमोटिव का उत्पादन

रोलिंग स्टॉक	शेड्युल	गतवर्ष की तुलना में बढ़ोतरी (प्रतिशत में)
बिजली लोकोमोटिव	पीआएच	14.4
	आरसी	37.9
ईएमयु	एम सी	14.5
ट्रक्शन आर्मेचर का पुर्नवेष्टन		10.8

विशेष प्रतिपादित कार्य

लोको में रि-पाईपिंग :

वर्ष 2013-14 तथा वर्ष 2014-15 (मार्च 2015तक) कांचरापाड़ा कारखान में क्रमश: 06 तथा 12 लोको रि-पाईपिंग का कार्य किया गया है। इन लोकोमोटिव में आइ आर ए वी 10 न्यूमेटिक सिस्टम के अनुसार न्यूमेटिक सिस्टम का उपयोग किया गया है । इन लोको में ट्रिप्लेट न्यूमेटिक पैनेल के साथ-साथ रूपान्तरित नवीनतम न्यूमेटिक सिस्टम लगाया गया है। लोको में त्वरित अनुरक्षण कार्य तथा समस्त न्यूमेटिक सिस्टम की विश्वसनियता को बढ़ाने कि लिए पाईप का ले-आउट तथा विभिन्न न्यूमेटिक उपकरणों को पुन: व्यवस्थित किया गया है ।

<u>ट्रिप्लेट न्यूमेटिक पैनेल :</u>

आइ आर ए वी -10 ब्रेक सिस्टम की आवश्यकता को परिपुष्टि करते हुए परम्परागत बिजली लोकोमोटिव में न्यूमेटिक कंट्रोल सिस्टम उपलब्ध कराया गया है। ब्रेक सिस्टम में अनेक वाल्व, कॉक, फिल्टर,प्रेशर स्विच लगे होने के कारण इसमें पाईप लाईन, ज्वाईंट तथा युनियन बहुत अधिक हो गये थे । आरडीएसओ ने एकल वाल्व ब्रेक (ट्रिप्लेट) अभिकल्पित किया है जिस पर यह सभी उपकरण लगाये गये है जो अनावश्यक ज्वाईंटों को कम करते हुए पाईप लाईन व्यवस्था को सरलीकृत कर दिया है।

वर्ष 2012-13 में 15 लोकोमोटिव, 2013-14 में 20 लोकोमोटिव तथा 2014-15 (मार्च 15 तक) में 20 लोकोमोटिव में ट्रिप्लेट पैनेल उपलब्ध कराये गये है।

<u>तीसरा कम्प्रेशर</u>

पूर्व रेलवे कांचरापाड़ा कारखाने में डब्ल्यू ए पी-4 वर्ग के लोकोमोटिव क्रम संख्या 22797/WAP4/MSG में रूपांतरित तीसरा कम्प्रेशर (टीआरसी-1000) तथा ट्रिप्लेट न्यूमेटिक लगाने का कार्य लिया गया है । लोको में पूरे न्यूमेटिक व्यवस्था की अधिक से अधिक विश्वसनियता तथा त्वरित अनुरक्षण कार्य को संभव बनाने के लिए विभिन्न नयूमेटिक उपकरणों तथा पाईप के ले-आउट को पुर्नव्यवस्थित किया गया है ।